# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION


No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India

www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160



Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845


## हैशटैग बिलीवर फाउंडेशन
वार्षिक रिपोर्ट 2023-2024




वर्ष 2023 - 2024

असल मायने में भारत बस्ता है अपने गांवों में जहां आज भी बीते शतकों की झलक देखने को मिलती है। जहां लगभग जीवन वही पहले जैसा है। विकास एक चिड़िया है जिसे उड़ाते भगाते बच्चे किशोर से वयस्क हो गए, फ़ौजी जंग से रिटायर होकर निरस्त। अब बचे हैं तो कुछ कच्चे-पक्के मकान, खाली-सूनी दूकान, और बेसुध-संतुष्ट इंसान।

नए साल (2023-2024) के नए-पुराने संघर्षों के साथ ग्रामीण उत्तराखंड के सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर रहते हुऐ हैशटैग बिलीवर प्रयासरत है भारत के गांव उत्तराखंड की छांव में कुछ नया करने के लिए।

### बीते वर्ष **(2022-2023)** की झलक:

कोई पंजीकृत संस्था न होते हुए भी हैशटैग बिलीवर द्वारा अपने नैतिक व सामाजिक कर्तव्य को समझते हुऐ, आधुनिक शिक्षा व कौशल विकास तकनीकों को आधार मानकर ग्रामीण उत्तराखंड यूवा व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए एक मज़बूत विचार और लक्षय के साथ दिनांक 01 जून 2022 को उत्तराखंड चमोली जिले के छोटे से गांव तलवाड़ी स्टेट पंचायत भवन के एक कमरे से "द ब्रेन जिम शिक्षा केंद्र" की शुरुआत हुई। यह केंद्र एक व्यक्तिगत प्रयास के रुप में शुरु हुआ जिसमें आगे बढ़ते हुए ग्राम सभा तलवाड़ी स्टेट सहित निकट ग्राम सभा तलवाड़ी खालसा, सेरा विजयपुर, थाला, लोलती, देवराड़ा, ग्वालदम, आदि अन्य का सहयोग और भागीदारी मिली।

मानसिक व्यायाम, पब्लिक स्पीकिंग, अंग्रेज़ी भाषा, आर्ट एंड परफॉर्मेंस, थिएटर एक्ट, संगीत कौशल, क्रिएटिव राइटिंग, अकादमिक पाठयक्रम का अध्ययन, विज्ञान व गणित प्रॉजेक्ट मॉडल, क्रिटिकल थिंकिंग, करियर काउंसलिंग आदि आदि माध्यमों से केंद्र में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आधुनिक युग में प्रबलता से आगे बढ़ने के लिए तैयार करना हमारा लक्ष्य रहा।

HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160
Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845

नशे-जुआ-बेरोज़गारी आदि कईं कारणों से घरेलू हिंसा में प्रताड़ित महिलाओं सहित, गरीब किसान, विधवा, त्यागी महिलाओं व किशोरियों को सामाजिक, व्यवसायिक आदि जागरूकता विषयों में सशक्त बनाकर आत्म निर्भर बनाना हमारा अन्य लक्ष्य रहा। यूवा पीढ़ी किसी भी राज्य, राष्ट्र, या समाज की रीढ़ की हड्डी होती है। अतः ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं का सशक्तिकरण हमारे प्रयासों का एक अहम हिस्सा रहा। इस विचार से ताकि ग्रामीण उत्तराखंड को नया और उज्वल कल दिया जा सके। क्यूंकि, यदि हर ग्रामीण उत्तराखंडी को आत्मनिर्भर बनेगा तभी संपूर्ण उत्तराखंड राज्य आत्मनिर्भर बन सकता है। आज देखते ही देखते जो पहल कभी व्यक्तिगत प्रयास से शुरु हुआ था, वही आज हजारों ज़रूरतमंद ग्रामीण उत्तराखंडियों की आवाज़ बन रहा है।

## वर्ष **2022-2023** गतिविधियों का ब्योरा

**1**. दिनांक: 15 अक्टूबर 2023, रसोई पहाड़ी स्टॉल।
स्थल: बहुद्देशीय विधिक सेवा प्राधिकरण शिविर, तलवाड़ी स्टेट ब्लॉक, थराली उत्तराखंड।










बारे में: केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता के बीच पहुंचाने के उद्देश्य से बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य था विधिक साक्षरता, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, महिला अधिकार, आदि सम्बन्धित योजनाओं व अन्य जानकारियों को आम जनता तक ले जाना जिससे कि वह इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। जिला विधिक प्राधिकरण अध्यक्ष न्यायमूर्ति धर्म सिंह द्वारा कार्यक्रम कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश श्री मनोज तिवारी जी सहित अन्य अतिथियों का स्वागत हुआ व मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभ आरंभ हुआ। कार्यक्रम में संस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच विकलांगो को व्हील चेयर, सुनने के उपकरण, स्टिक, कंबल आदि वितरण किया गया। साथ ही, हंस फाउंडेशन टीम द्वारा मुफ़्त स्वास्थ्य जांच के साथ निशुल्क आंखो के चश्में भी बांटे गए।

हैशटैग बिलिवर की प्रस्तुति: <u>पहाड़ी रसोई भोज स्टॉल।</u>
प्रस्तुति का मुख्य उद्देश्य:

1. ग्रामीण महिला सशक्तिकरण,
2. ग्रामीण महिलाओं को रोज़गार,
3. उत्तराखंड कृषि उत्पादों का प्रचार।

बहुद्देशीय विधिक सेवा प्राधिकरण शिविर में जहां एक ओर जिला के सभी विभागों के शिविर लगे जिसमे कृषि, समाज कल्याण, पशुपालन, स्वयं सहायता समूह, आदि भी शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर हैशटैग बिलीवर टीम द्वारा क्षेत्र की महिलाओं को एक जुट कर उत्तराखंड के पारंपरिक भोज का स्टॉल लगाया गया। यह स्टॉल पूरे कार्यक्रम का केन्द्र रहा जहां न केवल दूर दराज से आए दर्शकों की भारी भीड़ पहाड़ी स्वाद चखने उमड़ी बल्कि जिला विधिक प्राधिकरण अध्यक्ष न्यायमूर्ति धर्म सिंह सहित मुख्य अतिथि व कार्यक्रम कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश श्री मनोज तिवारी जी, व अन्य सभी अतिथि व अधिकारी भी पहुंचे। इस दौरान अतिथियों ने स्टॉल में प्रस्तुत व्यंजनों व उसमें इस्तेमाल खाद्य पदार्थों की जानकारी ली व हैशटैग बिलिवर के प्रयासों की सराहना भी की जिसका एकमात्र उद्देश्य पहाड़ी रसोई स्टॉल के माध्यम से महिलाओं को अपने हुनर के माध्यम से समाज में सम्मान दिलाना, महिलाओं को रोज़गार दिलवाना, व साथ ही उत्तराखंड जोकि 60% कृषि पर निर्भर है वहां के कृषि पदार्थों का प्रचार प्रसार करना जिससे कि ग्रामीण किसानों को उनकी फ़सल का उचित दाम मिल सके।

स्टॉल में व्यंजन के रूप में पहाड़ी दालों से बने पकोड़े, पहाड़ी दालों से बना पटवड़ (चीला), तील व भंगजूरे की चटनी, दही व चाय प्रस्तुत की गई। जिसमे खाने वालों को 50 रूपए में पूरी थाली का आनद लेने को मिला। इस गतिविधि में तीन गांव से 15 महिलाओं ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मिली सफलता ने न केवल प्रतिभागी महिलाओं बल्कि कार्यक्रम में आईं अन्य महिलाओं के मन में भी एक उत्साह और उम्मीद की लहर भर दी। महिलाओं के स्वरोजगार की ओर इस कदम को न केवल राज्य या देश बल्कि पूरे विश्व तक ले जाना हैशटैग बिलीवर का संकल्प है जिसके संबंध में संस्था एक ठोस कदम अवश्य उठाएगी।

**2.** दिनांक: 26 नवंबर 2023, संविधान दिवस, महिला जागरुकता एवं सशक्तिकरण शिविर।
स्थल: द ब्रेन जिम स्टडी सैंटर, तलवाड़ी स्टेट, ब्लॉक थराली, चमोली उत्तराखंड।

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
**www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160**

**Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845**




बारे में**:** 26 नवंबर 1949, इस दिन भारत गणराज्य का अपना संविधान बनकर राष्ट्रीय के आगे प्रस्तुत हुआ था जिसे तैयार होने में पूरे दो वर्ष ग्यारह माह व अट्ठरा दिनों का समय लगा। जिसे पूरे देश में "राष्ट्रीय कानून दिवस" के रूप में मनाया जाने लगा। तदपश्चात, 2015, संविधान सभा प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी की 125वीं जयंती पर भारत सरकार द्वारा 26 नवंबर 2015 से इस ख़ास दिवस को "संविधान दिवस" के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई। आम भारतीय नागरिकों के हितों व अधिकारों की रक्षा की दृष्टि से यह दिन भारत के इतिहास में दर्ज अहम घटनाओं में से है।

संविधान, जोकि न केवल एक सभ्य और नैतिक समाज की नींव है बल्कि एक सभ्य समाज की कुंजी भी है जो कि हर परिस्थिति में अपने नागरिकों को संरक्षण देने का ठोस हथियार है। इस अवसर पर हैशटैग बिलीवर फाउंडेशन की प्रस्तुति: महिला जागरुकता एवं सशक्तिकरण शिविर
उद्देश्य: अ. संयुक्त महिला सशक्तिकरण फोरम (मंच) परियोजना की घोषणा व महिलाओं को परियोजना से जुड़ी जानकारियां प्रदान करना।
ब. रसोई पहाड़ी परियोजना की घोषणा व महिलाओं को परियोजना से जुड़ी जानकारियां प्रदान करना।
क. महिलाओं को मौलिक अधिकारों एवं हितों के प्रति जागरूक करना।

**3.** दिनांक: 03 दिसंबर 2023 राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस कार्यक्रम
स्थल: प्राचीन शिव मंदिर, ग्राम सभा तलवाड़ी स्टेट ब्लॉक थराली चमोली उत्तराखंड।

HASHTAG BELIEVER FOUNDATION
No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160
Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845





बारे में: विश्व को प्रदूषण के बढ़ते घातक प्रभावों के प्रति जागरूक करने 2 दिसंबर 1984 भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वालों की याद में प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य प्रदूषित जल, भूमि और वायु के कारण होने वाली मौतों के बारे में जागरूकता लाना है। साथ ही, भोपाल गैस त्रासदी जैसी औद्योगिक आपदाओं से कैसे बचा जाए, इस पर भी प्रकाश डाला जाएगा। पर्यावरण प्रदूषण जीवन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता को प्रभावित करता है।

इस महत्वपूर्ण दिवस के अवसर पर हैशटैग बिलीवर फाउंडेशन द्वारा ब्लॉक थराली ग्राम तलवाड़ी स्टेट क्षेत्र में अस्तित्व के लिए संघर्षरत शतकों प्राचीन शिव मंदिर परिसर व आस पास के क्षेत्र में ग्राम सभा के वृद्ध वर्ग समूह की भागीदारी से सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही लोगों को प्लास्टिक व अन्य कचरे सहित जल, वायु आदि प्रदूषण के प्रति जागरूक किया गया। महान तपस्वियों व संतों के तप से प्रभावित इस पौराणिक शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए हैशटैग बिलीवर वर्ष 2022 से संघर्षरत है।

4. दिनांक: 08 मार्च 2024, उत्तराखंड सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम
स्थल: महादेव धार प्राचीन शिवालय, तलवाड़ी स्टेट व तलवाड़ी खालसा संपर्क मार्ग

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160
Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845






बारे में: देवभूमि उत्तराखंड जोकि कण कण में विराजमान देवी देवताओं के आशीर्वाद, समृद्ध इतिहास व पहाड़ी संस्कृति से भरापूरा है। हैशटैग बिलीवर फाउंडेशन ऐसी भूमि की महान संस्कृति व परंपराओं को जीवंत बनाएं रखने एवं नई पीढ़ी में इसके प्रचार प्रसार हेतु समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है। इसी क्रम में, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं महाशिवरात्रि दिनांक 08 मार्च 2024 के पावन अवसर पर हैशटैग बिलीवर फाउंडेशन द्वारा एक विशाल सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें थराली ब्लॉक अंतर्गत तीन ग्रामसभाओं (तलवाड़ी स्टेट, तलवाड़ी खालसा एवं सेरा विजयपुर) सहित निकटतम ग्राम सभाओं लोलती, चेपड़, त्रिकोट, ग्वालदम आदि अन्य को आंमत्रित किया गया। कार्यक्रम में अनुमानित 700 लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की जिसमें ग्राम प्रधानों सहित कई रिटायर्ड आर्मी सेवानिवृत, अध्यापक, डॉक्टर, जन प्रतिनिधि, भी शामिल रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्रिय शास्त्री ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक शिवार्चन सफल हुआ जिसमें अन्य ग्रामीणों सहित 11 वृद्ध ग्रामीण वैवाहित जोड़ों के हाथों से हवन आहुति दी गई। संपूर्ण आयोजन क्षेत्रिय ग्रामीण महिलाओं को साथ लेकर किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का अवसर होने के कारण इस आयोजन की व्यवस्था से लेकर कार्यक्रम में आए दर्शकों एवं श्रद्धालुओं के लिए महा प्रसादी भोज की व्यवस्था का मोर्चा हैशटैग बिलीवर फाउंडेशन की रसोई

पहाड़ी टीम की महिलाओं द्वारा संभाला गया। साथ ही, कार्यक्रम के मंच से ज्ञानी एवं अनुभवी ब्राह्मणों द्वारा ग्रामीण लोगों के बीच हमारी उत्तराखंडी लोक संस्कृति का प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं व्यापारसंघ द्वारा कुछ महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया

स्पॉन्सरशिप सूची

| क्रम सं. | सेवा/आईटम/व्यवस्था | दानकर्ता | दान प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | टैंट पंडाल | नेगी टैंट हाउस, ग्रामसभा तलवाड़ी स्टेट | 100% |
| 2 | कथा वाचक | देवराड़ी शास्त्री ब्राह्मण परिवार, ग्रामसभा सेरा विजयपुर | 100% |
| 3. | वेन्यू | महादेव धार मन्दिर परिसर, ग्रामसभा तलवाड़ी स्टेट | 100% |
| | | | |

5. दिनांक: 11 मार्च 2024, देवभूमि उद्यमिता योजना, द्वारा: उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड सरकार। स्थल: राजकीय महाविद्यालय, तलवाड़ी (चमोली), ब्लॉक थराली चमोली उत्तराखंड।






HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

# HASHTAG BELIEVER FOUNDATION

No.44, Talwari State, Talwari, Tehshil & Block : Tharali, District: Chamoli, Uttarakhand-246482, India
www.hashtagbelieverfoundation.com, E-Mail:- hashtagbeliever.foundation@gmail.com, Cell:+91-9873457160
Registered Under Indian Trust Act 1882 Regd.No.451, PAN : AACTH9531M, Niti Ayog: DL/2023/072845







बारे में: युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भर व स्वरोजगार की दृष्टि से सुदृढ़ बनाने हेतु राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय डिग्री कॉलेज एवं महाविद्यालयों में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को निशुल्क उद्यमिता और कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सरकार द्वारा यह कौशल प्रशिक्षण छात्रों को रोजगार दिलाने के लिए नहीं बल्कि स्वरोजगार से जोड़ने के लिए दिया जाएगा। ताकि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा नौकरी नहीं बल्कि वे स्वरोजगार स्थापित कर सके। उत्तराखंड सरकार द्वारा इस योजना के संचालन हेतु भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद के साथ एमओयू किया गया है। ताकि यह संस्थान उत्तराखंड के कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में पढ़ रहे छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निशुल्क ट्रेनिंग प्रदान कर सके। जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके और राज्य में भी बेरोजगारी दर को कम करने में सहायता की जा सके।

कार्यक्रम से जुड़े दिनांक 11 मार्च 2024 के उद्योग प्रशिक्षण में राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी स्टेट (चमोली) द्वारा छात्रों को उत्तराखंड में स्वरोज़गार के अवसर पर सैशन देने हेतु हैशटैग बिलीवर फाउंडेशन के रुप में समाज सेवी एवं ग्रामीण उत्तराखंड क्षेत्रों में विगत तीन वर्षों से ज़मीनी रुप से विकास कार्यों में सेवारत होने के नाते हमें मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया।

वर्कशॉप के प्रथम सैशन के दौरान छात्र छात्राओं से आत्म- चिंतन/अनुभूति/सुधार/विकास, के द्वारा स्वयं की कौशलता को पहचानने व नई व्यवसायिक कौशलताओं को कैसे अपनाया/सीखा जाए, आदि विषयों पर चर्चा से आरंभ किया गया। इसके अतिरिक्त उत्तराखंड से जुड़ी सभी संभव व प्रत्यक्ष चुनौतियों पर चर्चा हुई। वर्कशॉप के दूसरे सैशन में छात्रों को उत्तराखंड में संभव कुछ महत्वपूर्ण स्वरोजगार के आइडिया, उद्योग चलाने के लिए योजना बनाने की प्रक्रिया, व उसे एक मान्यता देने की प्रक्रिया अर्थात् MSME (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग) पर विस्तार से जानकारी दी गई।

धन्यवाद,
कंचन रावत,
संस्थापक: हैशटैग बिलीवर फाउंडेशन, द ब्रेन जिम स्टडी सेंटर।
ग्राम तलवाड़ी स्टेट, थराली ब्लॉक, चमोली उत्तराखंड, भारत।
दूरभाष: 9873457160.
ई मेल: hashtagbeliever.foundationl@gmail.com